विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक - 656

परिशिष्ट

[2/3/2023]

कार्यालय जिला पंचायत सतना (म0प्र0)

प्रश्न स. [क्र. 656]

क्रमांक/जि.प./डीएमएफ/विधासभा/2022-23/ 6211

प्रति

सतना दिनांक 14/02/2023

प्रभारी अधिकारी खनिज
जिला सतना म0प्र0

विषय:- विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 656 द्वारा माननीय विधायक सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा के संबंध में।

संदर्भ:- कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला सतना के पत्र क्र. 274 दिनांक 10/02/2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 656 द्वारा माननीय विधायक श्री सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा विधायक विधानसभा क्षेत्र सतना के द्वारा चाही गई जानकारी निम्नानुसार प्रारूप में तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

क्र.	प्रश्न	उत्तर
1	(क) सतना जिले में जिला खनिज मद से पिछले 04 वर्षो कितना राजस्व म0प्र0 सरकार को प्राप्त हुआ है? जो राजस्व सरकार को प्राप्त हुआ है वह किन-किन क्षेत्रों/विभागों में उपयोग किया जा रहा है? उसकी कितनी राशि नगर पालिक निगम एवं सतना विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों में व्यय की गई है एवं किन-किन विकास कार्यो में लगाया गया है?	जिला खनिज विभाग से संबंधित है। जिला खनिज मद से नगर पालिक निगम सतना को 04 कार्यो की राशि रू0 538.92 लाख रू0 एवं सतना विधानसभा क्षेत्र सतना अन्तर्गत ग्राम पंचायतों के 25 कार्यो में राशि 227.91 लाख रू0 स्वीकृत किये गये हैं जो पंचायतों में पेयजल स्कूल शिक्षा स्वास्थ्य एवं अधोसरचना के विकास कार्यो में किया गया है।
2	(ख) पिछले 4 वर्षो में खनिज मद से कितने कार्य आवंटित हुए है? आवंटित कार्यो की स्थिति क्या है? यदि सभी कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं तो कब तक होंगी?	पिछले 4 वर्षो में जिला खनिज मद से 2006 कार्य स्वीकृत किये गये हैं? जिसमें से 674 कार्य पूर्ण हो गये हैं एवं 1332 कार्य प्रगतिरत की स्थिति है, जिन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जावेगा।
3	(ग) वित्तीय वर्ष 2021-22 में जिला खनिज मद से कुल प्रस्तावित कार्यो में से कितने कार्य पूर्ण हो चुके है? एवं कितने शेष है? शेष कार्य में विलम्ब का कारण क्या है विलम्ब के दोषी अधिकारी/कर्मचारी कौन है।	जिला खनिज मद के न्यास मंडल के द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में 877 कार्यो का अनुमोदन किया गया है जिसमें 87 कार्य पूर्ण हो चुके है शेष 790 कार्य प्रगतिरत है जिन्हें शीघ्र पूर्ण करा लिया जावेगा। प्रगतिरत कार्यो में विलम्ब की स्थिति नहीं है। अतः विलम्ब के लिये कोई दोषी नही है।
4	(घ) क्या डीएमएफ की राशि संबंधित क्षेत्र और वहाँ के निवासियों की सुख सुविधा और आवश्यकताओं में ध्यान में रखकर खर्च की जा रही? क्या अफसरो के चेम्बर बनाए और सजाए जा रहे है या पार्को का सोन्दर्यीकरण कर डीएमएफ की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है?	न्यास मंडल के मान0 सदस्यों द्वारा प्राप्त प्रस्तावों का शासन से अनुमोदन उपरांत डीएमएफ की राशि संबंधित क्षेत्र और वहाँ के निवासियों के सुख सुविधाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर खर्च की जा रही है। डीएमएफ की राशि से अफसरों के चेम्बर नहीं बनाए और नही सजाए जा रहे है या पार्को का सोन्दर्यीकरण कार्य भी नहीं कराया जा रहा है। जो भी कार्य किये जा रहे हैं वो शासन के निर्देश/अनुमोदन उपरांत ही कराये जा रहे है राशि का कोई दुरुपयोग नहीं किया जा रहा है।
5	क्या जिला खनिज मद की राशि का उपयोग क्षेत्र की जनता की मूलभूत सुविधा रोड, नाली, बिजली, पानी, जैसे अन्य विकास कार्यो में किया जा रहा है?	जी हाँ

संलग्न- उपरोक्तानुसार

प्रभारी अधिकारी (डीएमएफ)
जिला पंचायत सतना म0प्र0

पृ.क्रमांक/जि.प./डीएमएफ/विधासभा/2022-23/ 6211
सतना दिनांक 14/02/2023

प्रतिलिपि:-

1. कलेक्टर जिला सतना की ओर सूचनार्थ।
2. संचालक जियोलाजी एवं माइनिंग म0प्र0 भोपाल की ओर सूचनार्थ।

प्रभारी अधिकारी (डीएमएफ)
जिला पंचायत सतना म0प्र0

(प्रकाश पन्द्रे)
अवर सचिव
म.प्र. शासन, खनिज साधन विभाग